पंजाब केसरी 26/08/2025

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के यंग स्पीकर्स क्लब ने किया शानदार ओपन माइक प्रोग्राम

अम्बाला, 25 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के यंग स्पीकर्स क्लब ने शानदार ओपन माइक प्रोग्राम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन और महक तलवार, यशवी शर्मा एवं हर्षिता के बेहतरीन समन्वय के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों की प्रतिभा, उत्साह और आत्मविश्वास का अद्भुत प्रदर्शन रहा।



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के यंग स्पीकर्स क्लब द्वारा आयोजित ओपन माइक प्रोग्राम के प्रतिभागी। (चंद्रमोहन)

लगभग 80 छात्रों ने इस उत्साहपूर्ण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें 18 छात्रों ने मंच पर आकर अपने विचार और रचनात्मकता को प्रस्तुत किया। अभिव्यक्ति के माध्यम विविध एवं समृद्ध थे और छात्रों ने कविता, भाषण, गीत, शायरी एवं अन्य प्रस्तुतियां दीं। इस समावेशी मंच ने ऐसा वातावरण तैयार किया, जिसमें छात्रों ने खुशी-खुशी सीखने, बोलने और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने में भाग लिया, जिससे उनका आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति कौशल और भी निखर गया।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों के उत्साही प्रदर्शन और पर्दे के पीछे टीम के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ऐसे सह-पाठयक्रम मंचों के महत्व पर जोर दिया, जो छात्रों में संचार कौशल और आत्मविश्वास विकसित करने में सहायक होते हैं। उनके नेतृत्व में जी.एम.एन. कॉलेज एक समग्र शिक्षा का प्रतीक बना हुआ है, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ जीवंत सह-पाठयक्रम गतिविधियों का संगम प्रस्तुत करता है। यंग स्पीकर्स क्लब का यह आयोजन केवल मनोरंजन नहीं था, बल्कि यह छात्रों की पहलए टीम वर्क और व्यक्तिगत विकास का उत्सव था। प्रतिभागी और दर्शक समृद्ध यादों, निखरे हुए कौशल और अभिव्यक्ति की शक्ति में नए विश्वास के साथ लौटे।